पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने 'गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन' को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

इस ट्रेन के संचालन से सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा मिलने के साथ देश की एकता को मिलेगी ताकत–जयवीर सिंह

लखनऊ : 05 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा है कि भारत गौरव ट्रेन आधारित 'गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन के संचालन से सांस्कृतिक आदान–प्रदान के साथ यात्रियों को देश की गौरवशाली विरासत को जानने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा आपसी सौहार्द एवं समरसता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता का संदेश सभी भारतीयों को आपस में जोड़े रखता है। यही एकता हमारे देश को ताकत देती है।

श्री जयवीर सिंह आज पुर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन स्टेशन से 'गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन' को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के पूर्व उपस्थित यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन लखनऊ, सीतापुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर तथा मुरादाबाद होते हुए अपने अगले गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय का गौरवशाली इतिहास है। इस समाज के लोगों ने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इनके बलिदान एवं कुर्बानियों को स्मरण करते हुए गर्व की अनुभूति होती है।

पर्यटन मंत्री ने गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन के संचालन के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से सिख समुदाय के लोग अपने विभिन्न तीर्थ स्थलों का दर्शन करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी के साथ ही प्राचीन धरोहरों को देख सकेंगे। इसके साथ ही समाजिक सदभाव की भावना को सुदृढ़ करते हुए अपने गुरूओं के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं आदर व्यक्त कर सकेंगे। उन्होंने मा0 मुख्यमंत्री जी को भी बधाई देते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी सिख समुदाय के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनका प्रयास रहता है कि इस बहादुर कौम को पूरा मान–सम्मान देने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए। श्री जयवीर सिंह ने सिख यात्रियों को मल्यार्पण कर उन्हें सुखद एवं सुरक्षित यात्रा के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री कृषि, शिक्षा एवं अनुसंधान श्री बलदेव सिंह औलख ने अपने संबोधन में कहा कि यह ट्रेन खासतौर से सिख श्रद्धालुओं को विभिन्न गुरूद्वारों तथा आस्था के प्रमुख केन्द्रों का दर्शन करायेगी। इससे आपसी मेलजोल एवं भाईचारे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने गुरूओं के पांच तख्तों की यात्रा शुरू कराने के लिए प्रधानमंत्री जी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस विशेष ट्रेन से लगभग 780 के आसपास लोग समूह में यात्रा कर रहे हैं। इससे सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ श्री आदित्य कुमार ने भारत गौरव ट्रेन आधारित 'गुरूकृपा टूरिस्ट ट्रेन' को चलाये जाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इण्डियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कारपोरेशन लि0 के माध्यम से यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए शुरू की गई है। यह ट्रेन आज से शुरू होकर 15 अप्रैल, 2023 तक अर्थात 10 रात्रि एवं 11 दिनों के लिए यात्रा संचालित की जायेगी। सिख यात्रियों एवं अन्य यात्रियों को इस ट्रेन में सभी तरह की सहूलियतों की व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर श्रीमती जयदेवी विधायक मलिहाबाद, पूर्व महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, श्री परमिन्दर सिंह सदस्य अल्पसंख्यक आयोग के अलावा श्री प्रशांत कुमार मिश्र, जीएमएमसीएफ रायबरेली, श्रीमती रजनी हसीजा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आईआरसीटीसी, श्री चन्द्रवीर सिंह रमण महाप्रबंधक एनईआर, समेत रेलवे के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

सम्पर्क सूत्र– केवल/अजय द्विवेदी

राम यतन/02:20 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in